# वेदांता ने खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के अवसर दिए, देशभर में 3 लाख लोगों तक पहुंच

भास्कर समाचार सेवा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर, वेदांता ग्रुप ने भारत के खेल क्षेत्र में अपने बढ़ते योगदान को बताया। वित्त वर्ष 2025-26 में वेदांता की खेल पहलों से 3 लाख लोगों को लाभ मिला। जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं को निखारने और प्रशिक्षण देने से लेकर पेशेवर खेल मंचों और बड़े स्तर पर लोगों की भागीदारी वाले आयोजनों तक, वेदांता ऐसे अवसर और रास्ते तैयार कर रहा है, जिनसे लोग अपनी खेल प्रतिभा को पहचान सकें, प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले सकें और बेहतर प्रदर्शन कर सकें।फुटबॉल, तीरंदाजी, हॉकी, पैडल और मैराथन जैसे खेलों में वेदांता की खेल पहल 13 राज्यों में 20 कार्यक्रमों के माध्यम से चल रही हैं। इन कार्यक्रमों के जरिए युवा खिलाड़ियों को अवसर दिए जा रहे हैं, खेल सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है और लोगों को खेलों में भाग लेने के लिए एक साथ जोड़ा जा रहा है। इस पहल की सोच सरल है कि खेलों में सफलता पोडियम तक पहुंचने से बहुत पहले शुरू होती है। इसके लिए खिलाड़ियों को अच्छी खेल सुविधाएं, कोचिंग, प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के अवसर मिलना जरूरी है।



वेदांता की यह पहल तीन आपस में जुड़ी प्राथमिकताओं पर आधारित है प्रतिभा को निखारना, बेहतर प्रदर्शन के लिए अवसर देना और खेल के जरिए लोगों को जोड़ना। जमीनी स्तर पर, राजस्थान की जिंक फुटबॉल अकादमी और गोवा की सेसा फुटबॉल अकादमी के जरिए वेदांता ने कई पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी तैयार किए हैं। साथ ही, महिलाओं और युवा खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण और स्थानीय स्तर की प्रतियोगिताओं के माध्यम से आगे बढ़ने के अवसर दिए जा रहे हैं। इन अकादमियों ने प्रतियोगिताओं में भी अच्छा प्रदर्शन किया है।